# डॉ. चित्रलेखा सिंह मुम्बई के कैरेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल में करेगी मेवाड़ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय की कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. चित्रलेखा सिंह द्वारा बनाए गए दो चित्रों को मुंबई के कैरेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित होंगे। आमंत्रित चित्रों को दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी कलेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल तथा बंगाल आर्ट फाउंडेशनके संयुक्त तत्वाधान में 10 नवंबर से ऑनलाइन आयोजित होगी।

Dainik Navajyoti 05-11-2020



# सिंह की ओर से बनाए दो चित्र मुम्बई में करेंगे मेवाड़ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**चित्तौड़गढ़.** मेवाड़ विश्वविद्यालय की कला संकाय विभागाध्यक्षा चित्रलेखासिंह की ओर से बनाए दो चित्रों को मुम्बई के कैरेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल-2020 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शाया जाएगा। उनके दो चित्र नटराज एवं शपलाशअंडर अरावली को प्रदर्शित किया जाएगा। चित्र प्रदर्शन में विश्व के कई देश जैसे बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, टर्की, स्वीडन, कनाडा एक तरफ, थाईलैंड, पैलेस्टाइन, कोलंबिया, मेक्सिको तथा भारत के बीस राज्यों से आमंत्रित चित्रों को दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी कलेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल तथा बंगाल आर्ट फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में 10 नवम्बर से ऑनलाइन आयोजित होगी।

Rajasthan Patrika 05-11-2020

# डॉ. चित्रलेखा की पेंटिंग आर्ट फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी

गंगरार, 4 नवम्बर (जसं.) । मेवाड़ विश्वविद्यालय की कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. चित्रलेखा सिंह के द्वारा बनाये गए दो चित्रों नटराज एवं पलाशअंडर अरावली को मुंबई के कैरेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल 2020 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शाया जायेगा।

इस चित्र प्रदर्शन में विश्व के कई देशों जैसे बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, टर्की, स्वीडन, कनाडा, कतर, थाईलैंड, पैलेस्टाइन, कोलंबिया, मेक्सिको तथा भारत के 20 राज्यों से आमंत्रित चित्रों को दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी का



आयोजन कलेक्टर्स आर्ट फेस्टिवल तथा बंगाल आर्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 10 नवंबर से ऑनलाइन आयोजित होगा। डॉ. चित्रलेखा सिंह के चित्र अपनी अलग विशेषताएं रखते हैं जिन्हे उन्होंने लॉक डाउन के समय विश्वविद्यालय के स्टूडियो में निर्मित किया। उनके नटराज महामृत्युंजय एवं पलाशअंडर अरावली चित्र 30 गुणा 30 इंच के माप में है और कैनवास पर एक्रीलिक रंग से बनाये गये है। Jannayak 05-11-2020